हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

04 विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश



07 देहरदा-राजघाट मार्ग निर्माण में धांधली का आरोप



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

चार करोड़ का उप स्वास्थ्य केंद्र बंद 20 गांवों के 10 हजार ग्रामीण परेशान



कुम्भराज। तहसील मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मदागन माफी में चार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र अब तक शुरू नहीं हो पाया है। बीते दिनों गुना आगमन पर मुख्यमंत्री ने इसका वर्चुअल लोकार्पण किया था, जबकि विधायक प्रियंका पेची ने भूमिपूजन किया था। इसके बावजूद स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लटका हुआ है। इससे सात ग्राम पंचायतों के करीब 20 गांवों के दस हजार ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत की सरपंच भारती लोधा ने बताया कि 26 जून 2026 को ग्रामसभा में ठहराव प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर एवं बीएमओ बीनागंज को आवेदन देकर स्वास्थ्य केंद्र पर स्टाफ की नियुक्ति की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पटाखा बिक्री के अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन 13 अक्टूबर तक

गुना। दीपावली 2026 पर फुटकर पटाखा विक्रय के लिए मध्यप्रदेश शासन ने अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञप्ति की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। इच्छुक आवेदक ई-सर्विस पोर्टल या लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित शुल्क 500 रुपए तथा आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, पुलिस प्रतिवेदन/चरित्र सत्यापन और पूर्व लाइसेंस सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। आवेदन संबंधित एसडीएम कार्यालय गुना, राघौगढ़, चांचौड़ा एवं आरोन में प्रस्तुत किए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था नहीं रहेगी। लाइसेंसधारी केवल प्रशासन द्वारा आवंटित स्थल पर ही पटाखों का विक्रय कर सकेंगे। विक्रय स्थल किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित करना प्रतिबंधित रहेगा।

एसडीएम राघौगढ़ द्वारा 04-04 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा मृत्यु के दो प्रकरणों में 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मलियाखेड़ी निवासी उमेश पुत्र ओमप्रकाश सैनी की28 सितंबर 25 को सर्पदंश से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके वैध निकटतम वारिस पत्नी रचनाबाई को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम शंकरपुरा निवासी सरोजबाई पत्नी तेजसिंह जाति गाडरी की 23 मार्च 26 को गोपा नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके वैध निकटतम वारिस पति तेजसिंह पुत्र कल्याणसिंह गाडरी को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। दोनों प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार से प्राप्त जांच प्रतिवेदन, पंचनामा एवं अन्य अभिलेखों के परीक्षण उपरांत आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के तहत अधिकतम अनुमन्य 04-04 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

गुना। सहायक प्रबंधक म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ने बताया हैं कि गुना शहर अंतर्गत 11 केव्ही नजूल कॉलोनी फीडर पर मेंटेनेंस कार्य होने से दिनांक 10 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक भार्गव कालोनी, मटकरी कॉलोनी, गुरूनानक कॉलोनी,. वर्धमान भवन, कमला गैरिज, उमरिया गाँव एवं शांति ढाबा क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। उक्त समयावधि को आावश्यकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता हैं।

युवक की मौत पर भड़का आक्रोश आरोन थाने के सामने चक्काजाम

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले की आरोन तहसील के ग्राम बामूरिया निवासी अंशुल अहिरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में डूबने से हुई मौत के मामले में शुक्रवार को परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए परिजनों ने आरोन थाने के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने अंशुल की मौत को हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई तथा नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

हादसा नहीं, हत्या की साजिश का आरोप

थाने के सामने हुए चक्काजाम के कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की कतारें लग गईं, वहीं मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शन कर रहे परिजनों का आरोप है कि अंशुल की मौत सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश के तहत की गई हत्या हो सकती है।



उनका संदेह है कि हत्या के बाद शव को कुएं में फेंका गया। इसी आशंका के चलते परिजन संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

चक्काजाम की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और परिजनों को समझाकर यातायात बहाल कराने का प्रयास किया। हालांकि, परिजन मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने और अंशुल की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा करने की मांग करते रहे। उनका कहना है कि घटना की सच्चाई सामने आनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

पुलिस जांच से खुलेगा मौत का राज

घटना के बाद अब मामले की जांच पर सभी की निगाहें टिकी हैं। पुलिस की ओर से परिजनों को आश्वासन दिया गया है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब पुलिस जांच के निष्कर्षों से ही स्पष्ट हो सकेगा कि अंशुल की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इस मामले में लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है।

गुना में 1,260 करोड़ से बनेगा देश का पहला सेमीकंडक्टर ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले को औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुंबई में आयोजित निवेश बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ जैन के बीच गुना में देश का पहला अति-उच्च शुद्धता वाला सेमीकंडक्टर-ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है। परियोजना पर 1,260 करोड़ रुपये का निवेश होगा और अप्रैल 2029 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य है।



चैनपुरा में स्थापित होगी इकाई

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के अनुसार, संयंत्र राघौगढ़ तहसील के विजयपुर-गेल के पास ग्राम चैनपुरा औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 40 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति गेल की मुख्य पाइपलाइन से होगी।

रोजगार- आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा

परियोजना से करीब 320 से 350 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। वर्तमान में भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में उपयोग होने वाली अति-शुद्ध सिलेन गैस का आयात करता है। संयंत्र शुरू होने पर प्रतिवर्ष लगभग 350 करोड़ रुपये के आयात प्रतिस्थापन का अनुमान है।

सेमीकंडक्टर चिप का उपयोग स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक वाहन, चिकित्सा उपकरण और रक्षा प्रणालियों सहित अनेक आधुनिक तकनीकों में होता है। गुना में इस संयंत्र की स्थापना से जिले के औद्योगिक विकास के साथ देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

खाद्य प्रतिष्ठानों से मसालों और बेकरी उत्पादों के सैंपल लिए

गुना। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुशमौदा औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर छापेमार कार्रवाई की। डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे एवं महिमा चौधरी तथा तहसीलदार मयंक तिवारी एवं आरती गौतम के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा और श्रम विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए, वहीं अनियमितताएं मिलने पर संबंधित फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कुशमौदा औद्योगिक क्षेत्र स्थित कृष्णा मसाला उद्योग का निरीक्षण करने के दौरान राजस्व विभाग की टीम ने धनिया, मिर्च और हल्दी पाउडर के नमूने भरवाए। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री संचालक को अग्नि सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। वहीं, श्रम विभाग के अधिकारियों ने भी संबंधित मामले में प्रकरण बनाया। टीम ने अरोरा फूड्स इंडस्ट्रीज का भी निरीक्षण किया। यहां अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में कमी, गंदगी सहित अन्य अनियमितताएं सामने आईं।

आबकारी विभाग की रात्रिकालीन कार्रवाई

बाइक सवार बदमाश से 75 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त श्री संदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी श्री गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में 8 अक्टूबर 2026 की रात्रि को आबकारी वृत्त गुना-1 की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल से अवैध कच्ची शराब का परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ा। आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिलाखेड़ी से मोटरसाइकिल पर बोरियों में भरकर अवैध शराब ले जा रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी दल ने निर्धारित स्थान पर निगरानी शुरू की। इसी दौरान हाईवे की ओर से मोटरसाइकिल पर आ रहे व्यक्ति ने आबकारी वाहन को देखकर वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बृजलाल पुत्र परसराम पारदी, निवासी बिलाखेड़ी बताया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल से बंधी दो बड़ी बोरियों और एक झोले में पन्नी पाउच में भरी शराब बरामद हुई। जांच के दौरान कुल 92 पन्नी पाउच मिले, जिनमें लगभग 64 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पाई गई। शराब से तेज गंध आने के कारण उसके नमूने लेकर जांच के लिए एफएसएल ग्वालियर भेजने की प्रक्रिया की गई। आबकारी विभाग के अनुसार, शराब और मोटरसाइकिल सहित जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 75 हजार रुपये है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 49(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

टीम की भूमिका सराहनीय

इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, गोविंद सिंह मीणा एवं कमल बरोदिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर ने किया शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण, स्कूल में कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी

डीपीसी को बीईओ, प्राचार्य और शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को राघौगढ़ क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एकीकृत शासकीय स्कूल शाहपुर में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), स्कूल प्राचार्य एवं संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ एवं एसडीएम अमित सोनी भी उपस्थित रहे।



कक्षाओं में पहुंचकर परखी पढ़ाई की गुणवत्ता

कलेक्टर कन्याल ने एकीकृत शासकीय स्कूल शाहपुर की कक्षाओं का अवलोकन कर शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षक से विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए कहा और स्वयं बच्चों से संवाद कर उनके सीखने एवं समझने के स्तर को परखा। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाए गए विषयों से संबंधित सवाल पूछकर यह जाना कि वे विषयवस्तु को कितनी अच्छी तरह समझ पा रहे हैं। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे शिक्षण की ऐसी पद्धतियां अपनाएं, जिनसे विद्यार्थी विषयों को आसानी से समझ सकें और सीखी गई बातों को आत्मविश्वास के साथ व्यक्त कर सकें। इस दौरान विधायक श्रीमती प्रियंका पेंची ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है। शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले वर्ष गुना जिले के तीन विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि लगभग 2,700 विद्यार्थियों को लैपटॉप प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने चाहिए।

गुप्ता कॉलोनी में मोबाइल टावर से 3 आरयूएस मशीनें और केबल चोरी

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्ता कॉलोनी स्थित मोबाइल टावर से अज्ञात चोरों द्वारा कीमती उपकरण चोरी करने का मामला सामने आया है। फरियादी वीरेन्द्र नामदेव (48), निवासी साईं सिटी कॉलोनी गुना ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार, वे अल्टीएस कंपनी में तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं। गत रात सूचना मिलने पर जब वे गुप्ता कॉलोनी स्थित टावर (साइट आईडी 500887) पर पहुंचे, तो वहां बीटीएस से 3 आरयूएस मशीनें गायब थीं। इसके बाद 2 उसी टावर से केबल भी चोरी हो गई। आसपास तलाश करने के बाद भी उपकरणों का कोई सुराग नहीं लगा। कैंट थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांस्कृतिक मर्यादा और कड़ी सुरक्षा के लिए विहिप-बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित होने वाले गरबा महोत्सवों में धार्मिक मर्यादा, महिला सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला गुना के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गरबा के नाम पर डिस्को नाइट, अश्लील गानों और आपत्तिजनक नृत्य प्रस्तुतियों पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही आयोजनों में पार्किंग, स्वच्छता, निर्धारित समय-सीमा, ध्वनि नियंत्रण और महिला सुरक्षा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।संगठन ने आयोजकों से सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन का लिखित आश्वासन लेने, नशामुक्त आयोजन करने आपातकालीन निकास की व्यवस्था करने की मांग भी रखी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ओझा, जिला सह मंत्री राजेंद्र सिंह कुशवाह, बजरंग दल जिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति, प्रखंड संयोजक अजय कुशवाह और संभव कुशवाहा उपस्थित रहे।

रामलीला के तीसरे दिन विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए श्रीराम-लक्ष्मण अयोध्या से पहुंचे

ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और पुष्प वाटिका प्रसंग का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के तीसरे दिवस भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से रूबरू कराया।

विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए पहुंचे राम-लक्ष्मण

तीसरे दिन की लीला में दिखाया गया कि महामुनि विश्वामित्र अपने आश्रम में यज्ञ कर रहे थे, तभी सुबाहु, मारीच सहित अन्य राक्षस यज्ञ को विध्वंस करने लगे। इससे



चिंतित होकर मुनि विश्वामित्र अयोध्या पहुंचे और महाराज दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए श्रीराम एवं लक्ष्मण को अपने साथ ले आए।

मार्ग में भगवान श्रीराम ने ताड़का का वध कर ऋषि-मुनियों को राक्षसों के आतंक से मुक्ति दिलाई और यज्ञ की रक्षा की। इसके बाद गौतम ऋषि के श्राप से शिला बनी अहिल्या का भगवान श्रीराम ने अपने चरणों के स्पर्श से उद्धार किया। आगे की लीला में प्रयागराज पहुंचने पर गंगा अवतरण की कथा का वर्णन किया गया।

पुष्प वाटिका में श्रीराम को देखकर सीता हुईं भावविभोर

रामलीला के अगले प्रसंग में मिथिलापुरी में महाराज जनक द्वारा भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और महर्षि विश्वामित्र का स्वागत करते हुए दिखाया गया। इसी दौरान माता सीता गौरी पूजन के लिए पुष्प वाटिका में पहुंचती हैं, जहां उनकी दृष्टि भगवान श्रीराम पर पड़ती है। श्रीराम को देखकर माता सीता के मन में उनके प्रति अनुराग जाग उठता है और वे अपने पिता महाराज जनक की शिव धनुष से संबंधित प्रतिज्ञा को याद कर व्याकुल हो जाती हैं। माता सीता भगवान श्रीराम को पति रूप में प्राप्त करने की कामना से माता गौरी से प्रार्थना करती हैं। उनकी श्रद्धा और भक्ति देखकर माता गौरी मुस्कुराते हुए उन्हें मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद देती हैं। रामलीला में श्रीराम की भूमिका पुरुषोत्तम धाकड़, लक्ष्मण की भूमिका वैभव भार्गव, सीता की भूमिका ओम यादव, महाराज दशरथ की भूमिका रमेश जैन, ताड़का की भूमिका राम सिंह धाकड़, अहिल्या की भूमिका जमना लाल कुशवाह, महाराज जनक की भूमिका रघुवीर ओझा तथा विश्वामित्र की भूमिका राम सिंह ने निभाई। इसके अतिरिक्त रवि केवट, नितिक, मोनू जोगी, हरवीर धाकड़, विराट केवट, कुलदीप भार्गव सहित अन्य कलाकारों ने भी विभिन्न पात्रों का अभिनय किया। समिति द्वारा आयोजित रामलीला के अगले दिन भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री शिवानी त्रिपाठी का नाम अंकसूची, आधार और अन्य सभी दस्तावेजो में शिवानी त्रिपाठी है जो की सही है। जबकि आर्मी नम्बर 15155489L सिपाही प्रदीप कुमार त्रिपाठी मेरे सर्विस रिकॉर्ड में शिवानी है जो की गलत है जबकि सही नाम शिवानी त्रिपाठी है।

सूचनाकर्ता -
प्रदीप कुमार त्रिपाठी
पता- ग्राम-सतपुरा, तहसील- त्योथर रीवा (म.प्र) मोब. - 7415738893

समाचार संक्षेप

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कुंभराज में विरोध प्रदर्शन कर मनाया काला दिवस



कुंभराज। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली के विरोध में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी की बार-बार गिरफ्तारी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुंभराज द्वारा काला दिवस मनाकर विरोध दर्ज कराया गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध और अपनी बात रखने का अधिकार महत्वपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नागरिक अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

सेवा संकल्प अभियान के तहत मुक्तिधाम राघौगढ़ में किया गया वृक्षारोपण



राघौगढ़। शासन के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के मार्गदर्शन में नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मुक्तिधाम राघौगढ़ में वृक्षारोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और मुक्तिधाम परिसर को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, शिव कुमार रघुवंशी, स्वच्छता निरीक्षक कीर्ति सिंह चौहान सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

दीनदयाल रसोई का नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

अशोकनगर। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अशोकनगर नीरज मनोरिया द्वारा शुक्रवार को दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत संचालित केन्द्र (भोजनालय) नया बस स्टेंड अशोकनगर का निरीक्षण किया गया एवं भोजन ग्रहण किया जाकर गुणवत्ता का परीक्षण किया गया तथा संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मनोरिया ने खाद्यान्न बढाये जाने हेतु मांग पत्र शासन को भिजवाये जाने के निर्देश दिए। रसोई केन्द्र का निर्धारित समय 10.00 बजे से 3.00 बजे तक निर्धारित समय अनुसार चलाकर अधिक से अधिक शहरी गरीब एवं मजदूर तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन का लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था, व्यक्ति, शहरी, गरीबों को पांच रूपये में भोजन उपलब्ध कराये जाने हेतु इस केन्द्र का संचालन करना चाहते है तो शासन की ओर से खाद्यान एक रूपये प्रति किलो के मान से प्रदाय किया जायेगा। कोई भी संस्था, व्यक्ति, शहरी दीनदयाल रसोई का संचालन करता है तो उसे पांच रूपये भोजन ग्रहण करने वाले से प्राप्त होंगे तथा 10 रूपये शासन द्वारा प्रदाय किये जायेगें। दीनदयाल रसोई योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है योजनांतर्गत जिले में दो शहर नगर पालिका अशोकनगर एवं नगर पालिका चंदेरी में रसोई केंद्र का संचालन हो रहा है जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्र में शहरी गरीब एवं मजदूर तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को मात्र राशि पांच में भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



हिन्दूपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघौगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह भदौरिया के निर्देशन में विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशामुक्ति तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल हॉस्पिटल, राघौगढ़ के डॉ. गौरव भार्गव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता, संतुलित दिनचर्या और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दैनिक जीवन में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में विद्यार्थियों एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वास्थ्य तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। अंत में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ज्योति सिंह सेंगर ने मुख्य अतिथि डॉ. गौरव भार्गव के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल रही। इस आयोजन के माध्यम से स्वस्थ समाज एवं नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया गया।

जागरूकता रैली के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश



चांचौड़ा। शासकीय कॉलेज चाचौड़ा बीनागंज में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर पी मीना के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नशा मुक्त भारत विषय को आधार बना कर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवक छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय से चांचौड़ा तहसील परिसर तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा नशा के दुष्परिणामों के नारे लगाए साथ ही सभी से नशा से दूर रहने की अपील जागरूकता रैली के माध्यम से की। जागरूकता रैली में कु नैन्सी घोषी कु सानिया खान कु सलोनी अहिरवार कु संजना अहिरवार कु साक्षी नामदेव कु पवित्रा अहिरवार कु तनु मीना कु तनिषा प्रजापति कु प्रियंका विश्वकर्मा और राहुल कुशवाह के साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की सह प्रभारी डॉ मंजू शर्मा डॉ रीतू राजपूत डॉ हरीश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शिविर की तैयारियों को लेकर सीएमओ ने किया निरीक्षण

आरोन। मध्यप्रदेश शासन के जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आगामी 16 अक्टूबर को ग्रामीण आजीविका मिशन में आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों को लेकर नगर परिषद आरोन सक्रिय हो गई है। अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी ने वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय विभागों, आंगनवाड़ी केंद्रों और राशन दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थानों की व्यवस्थाओं, कार्यप्रणाली और आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाएं सुचारू रखने, कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

व्यसन मुक्ति पखवाड़े के तहत व्याख्यानमाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

सरस्वती शिशु मंदिर कुंभराज में गुरुवार को व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत भव्य व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना, व्यसन से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समिति सचिव बैजनाथ जी धाकड़ ने "नशामुक्ति के लिए युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समिति अध्यक्ष नवल अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन के महत्व के बारे में बताया तथा स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समिति उपाध्यक्ष युवराज जी राजोरिया, शासकीय शिक्षक अवनीश राजोरिया, पुलिस विभाग से एसआई सत्येंद्र रावत तथा संस्था प्रमुख श्रीमती हेमलता साहू सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने चुनाव आयुक्त का पुतला किया दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बीनागंज स्थित राजीव गांधी चौराहे पर राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया।कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की।प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाचौड़ा-बीनागंज के पदाधिकारियों के साथ शहर कांग्रेस, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, मंडलम अध्यक्षों तथा विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध दर्ज कराया।

आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

आगामी नवरात्रि, दशहरा एवं मूर्ति विसर्जन सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर चाचौड़ा थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।बैठक में मुख्य रूप से नवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं, दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना एवं विसर्जन, दशहरा मेले की व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही दशहरा मेले के दौरान नगर में आने वाली संभावित समस्याओं और यातायात व्यवस्था को लेकर भी सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। बैठक में तहसीलदार के.सी. यादव, एसडीएम मनोज झा, थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया, बीनागंज चौकी प्रभारी नीरज लोधी, रामलीला मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, नवदुर्गा शांति समिति के सदस्य, नगर के समाजसेवी एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांगशांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन से मांग की कि मूर्ति विसर्जन को लेकर पर्याप्त एवं समुचित व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं।

एसडीएम ईसागढ़ द्वारा परिवीक्षाधीन पटवारी तहसील नईसराय को अंतिम चेतावनी पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ द्वारा परिवीक्षाधीन पटवारी तहसील नईसराय को परिवीक्षा अवधि में असंतोषजनक कार्य निष्पादन एवं कार्य में सुधार हेतु अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया गया है। चेतावनी पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत आपको सौंपे गये समस्त लंबित कार्यों का तत्काल निष्पादन प्रारंभ करें तथा तत्काल निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ठोस एवं सत्यापन योग्य प्रगति सुनिश्चित करें। प्रतिदिन किए गए कार्य की प्रकरणवार प्रगति रिपोर्ट संबंधित तहसीलदार को प्रस्तुत करें। भविष्य में शासन की योजनाओं एवं सौंपे गये अन्य राजस्व कार्यों का समय-सीमा में पूर्ण उत्तरदायित्व एवं तत्परता के साथ निष्पादन सुनिश्चित करें।

निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में उसके वस्तुनिष्ठ कारण, लंबित प्रकरणों का विवरण तथा कार्य पूर्ण करने की समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें। यदि तत्काल आपके कार्य-निष्पादन में अपेक्षित एवं संतोषजनक सुधार नहीं पाया जाता है, तो आपके परिवीक्षक अवधि के समग्र कार्य-निष्पादन एवं शासकीय सेवा हेतु उपयुक्तता का मूल्यांकन कर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 8(4) के अंतर्गत आपकी सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही पर विचार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में तहसील नईसराय जिला अशोकनगर के अंतर्गत पटवारी के पद पर परिवीक्षा अवधि में कार्यरत हैं। परिवीक्षा अवधि का उद्देश्य शासकीय की कार्यक्षमता, कार्य के प्रति तत्परता, उत्तरदायित्वों के निर्वहन एवं शासकीय सेवा हेतु उपयुक्तता का मूल्यांकन करना है। राज्य शासन द्वारा संचालित स्वामित्व योजना अंतर्गत आपको निर्धारित कार्यों का समय-सीमा में संपादन करने हेतु निर्देशित किया गया था। समीक्षा उपरांत यह पाया गया कि आपके क्षेत्र में स्वानित्व योजना अंतर्गत ईकेवाईसी की दैनिक प्रगति संतोषजनक नहीं है एवं रजिस्ट्री संबंधी कार्य भी आपके द्वारा नहीं किया जा रहा है।

अग्रेसन जंयती महोत्सव के दूसरे दिन भी कई रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए





अशोकनगर। अग्रवाल समाज द्वारा इस वर्ष भी भगवान अग्रसेन जंयती का महा महोत्सव धूम धाम से बनाया जा रहा है, चार दिवसी आयोजन के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सभी आयोजन में समाज जन बढ़चढ कर भाग ले रहे हैं। निर्णायक मंडल के द्वारा प्रतियोगियों को विजेता के रूप में समारोह के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

अग्रवाल समाज द्वारा द्वितीय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए गेम्स एवं 5 से 10 बच्चों के लिए भी गेम्स और 10 वर्ष के ऊपर के बच्चों के लिए भी विभिन्न प्रकार के गेम्स हुए क्रिएटिविटी में बहू के लिए लिप्पन आर्ट बनाना एवं सासू मां के लिए बछ बारस का पत्ता बनाना शामिल है शाम को फैंसी ड्रेस का भी आवेदन हुआ जिसमें जीरो से 10 वर्ष के लिए एवं सासू मां के लिए फैंसी ड्रेस जिसमें विलन बनाकर आना शामिल है बहू के लिए भी फैंसी ड्रेस में ऐतिहासिक किरदार बनाकर आना है।

नवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अशोकनगर पुलिस ने जन सामान्य से अपील की है और सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर डीजे संचालकों एवं गरबा आयोजकों को ध्वनि संबंधी नियमों का पालन करने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

आगामी नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा शांति समिति के सदस्यों, डीजे संचालकों एवं गरबा आयोजकों से चर्चा कर त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की गई। बैठकों में आयोजकों को निर्देशित किया गया कि धार्मिक कार्यक्रमों एवं गरबा आयोजनों के दौरान निर्धारित ध्वनि मानकों एवं समय- सीमा का पालन सुनिश्चित करें। डीजे का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुरूप करें तथा ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आमजन को असुविधा हो अथवा शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित हो। पुलिस द्वारा आयोजकों से अपील की गई कि वे सभी समुदायों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता एवं भाईचारे की भावना के साथ पर्व मनाएं। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद अथवा असामाजिक गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

मास्टर शेफ प्रतियोगिता में यूकेजी की अर्निका अनुप्रिया दुबे प्रथम रहीं



चंदेरी। बच्चों में रचनात्मकता और व्यावहारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। इसी श्रृंखला में विद्यालय में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक मास्टर शेफ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका मुख्य आकर्षण सलाद सजाओ स्पर्धा रही। इस प्रतियोगिता में यूकेजी कक्षा की छात्रा अर्निका अनुप्रिया दुबे ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी कक्षा के 40 बच्चों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्निका द्वारा बेहद आकर्षक ढंग से तैयार किए गए सलाद को निर्णायकों द्वारा खूब सराहा गया। प्रतियोगिता में विजयी रहने पर नन्ही अर्निका को पुरस्कार स्वरूप मास्टर शेफ की केप पहनाकर सम्मानित किया गया।

नगर परिषद की मनमानी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



नगर परिषद शाढ़ौरा की कार्यप्रणाली के विरोध में कांग्रेस ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और शहर में समस्याओं के निराकरण की मांग की।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी की और नगर की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग उठाई। जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू रघुवंशी कुन्दौरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इसके बाद नगर में रैली निकालकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली के खिलाफ विरोध जताया गया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप के लगाया कि नगर में बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गंदगी की समस्या बनी हुई है, लेकिन नगर परिषद द्वारा व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को भी अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने के आरोप लगाए गए। ब्लॉक अध्यक्ष ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि नगर में बिजली, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारी जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। रैली के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नगर परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने धरना देकर परिषद का घेराव किया।

सेवा मेरा योगदान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान अंतर्गत राजस्व कॉलोनी में कलेक्टर साकेत मालवीय ने वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन,डिप्टी कलेक्टर भुवनेश चौहान सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था के लिए अशोकनगर पुलिस की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के पुलिसकर्मियों को सीपीआर (हृदय-फुफ्फुस पुनर्जीवन), बलवा ड्रिल एवं अश्रुगैस के उपयोग का विशेष सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कानून-व्यवस्था ड्यूटी को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रधान आरक्षक घनश्याम, प्रधान आरक्षक विनोद रावत एवं आम शाखा के प्रधान आरक्षक राजाराम द्वारा बलवा ड्रिल की प्रक्रिया, अश्रुगैस के सुरक्षित एवं नियमानुसार उपयोग तथा भीड़ नियंत्रण के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों का प्रशिक्षण दिया गया। इससे पुलिसकर्मियों की सामूहिक कार्यक्षमता, अनुशासन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई करने की क्षमता को सुदृढ़ किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार पुलिस लाइन में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ पुलिसकर्मियों के लिए सीपीआर बलवा ड्रिल एवं अश्रुगैस के उपयोग संबंधी नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल की व्यावसायिक दक्षता में निरंतर वृद्धि करना तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक जीवन रक्षा एवं कानून-व्यवस्था के प्रभावी प्रबंधन के लिए पुलिसकर्मियों को तैयार रखना है।

खाद के लिए ई-टोकन बुकिंग में आ रही समस्याओं के निराकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर अशोकनगर को जिले के किसानों को ई-टोकन बुकिंग में आ रही समस्याओं के निराकरण एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित किए जाने के संबंध में लिखित आवेदन देकर अवगत कराया है। अशोकनगर जिले के किसानों द्वारा ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में निम्न समस्याएँ सामने आ रही हैं, जिनके कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चंदेरी विधायक ने कलेक्टर को लिखित सुझाव दिए

- ई-टोकन/स्लॉट खुलने का समय निश्चित नहीं होने के कारण किसानों को समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है तथा उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
- किसानों द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं ई-टोकन बुक करने में समस्या आ रही है। इसकी तकनीकी समस्या का तत्काल परीक्षण कर समाधान किया जाए, ताकि किसान स्वयं टोकन बुक कर सकें।
- कृषि विभाग, मंडी, कलेक्ट्रेट,तहसील एवं मार्कफेड/संबंधित समितियों में सहायता काउंटर स्थापित किए जाएँ, जहाँ किसानों को पंजीयन एवं ई-टोकन बुकिंग में सहायता मिल सके।
- जिले की अधिक से अधिक सहकारी समितियों/सोसाइटियों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसान अपनी संबंधित समितियों से आसानी से खाद प्राप्त कर सकें।
- जिले में नकली खाद की बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं। पिपरई क्षेत्र में नकली खाद पकड़े जाने की घटना के संबंध में भी उचित जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए तथा जिले में खाद की गुणवत्ता की नियमित जांच कराई जाए।
- ई-टोकन व्यवस्था में समय निर्धारित नहीं होने के कारण किसानों को टोकन बुक करने में परेशानी हो रही है। शिकायत है कि कुछ निजी कंप्यूटर संचालक किसानों से लगभग 100 प्रति बोरी तक अतिरिक्त राशि लेकर टोकन बुक कर रहे हैं। किसानों को अनावश्यक रूप से निजी कंप्यूटर सेंटरों पर निर्भर न रहना पड़े।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैदर निवासी राजासिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णपाल और नीलम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मतावली निवासी नीलेश रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झागर निवासी जगदीश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामराजा और अंकित यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी नन्हे अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजन और सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

ध्यानपुर और खमकला गुरूद्वारा की दान पेटी से रूपए चुराए

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ध्यानपुर निवासी हीरा सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरूदास सिक्ख ने गुरूद्वारा की पेटी से नगदी रूपए चोरी कर लिए। इसी प्रकार देहात थाने के अंतर्गत ग्राम खमकला निवासी सुखमोहन सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि खमकला के गुरूद्वारे की दान पेटी से अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर रूपए चोरी कर लिए।

20 वर्षीय महिला की मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत भुरिया पुत्र नारायण सिंह अहिरवार उम्र 20 साल निवासी ग्राम उमरी थाना नईसराय की मृत्यु अज्ञात कारणों से इलाज कराने के लिए ले जाते समय रास्ते में हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर नामातंरण कराने का प्रयास किया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक जगदीश पारासर ने ग्राम मोहन पुर में सुनील लोधी और भैयालाल लोधी के द्वारा मृतक तोरण पुत्र बंलवंत लोधी निवासी मोहनपुर का फर्जी कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर तहसील चंदेरी में बसीयत नामा पेस किया और नामातंरण कराने का प्रयास किया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अज्ञात व्यक्ति बाईक चोरी कर ले गया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पंचमनगर कॉलोनी निवासी अभय वाजपेयी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जागेश्वरी मंदिर के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रघुवंशी बोर्डिंग में सुंदर कांड का आयोजन रविवार को

अशोकनगर। सम्मानीय समाजजनो एवं संघठन के पदाधिकारियों को सादर सूचित किया जाता हैं कि अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद एवं रघुवंशी युवा संघ के तत्वावधान मे दिनांक 11 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रघुवंशी बोर्डिंग हॉउस अशोकनगर मे सुन्दरकांड का आयोजन रखा गया हैं अतः आप सभी धर्मप्रेमी बंधु एवं सम्मानीय समाजजन विशेष रूप से अपनी उपस्थित दर्ज करें। परिषद की ओर से श्याम सिंह रघुवंशी कन्हेरा,सीताराम काकाजी शाढ़ौरा,सुरेंद्र सिंह रघुवंशी मलावनी,अशोक सिंह रघुवंशी बगुल्या ,संजय सिंह रघुवंशी खेजरा,वीरेंद्र सिंह रघुवंशी शहवाजपुर (जिलाध्यक्ष),हरिसिंह रघुवंशी खजुरिया (कार्यकारी जिलाध्यक्ष),विकास रघुवंशी (लायंस क्लब अध्यक्ष),अमित रघुवंशी कूड़ई ,मुकेश रघुवंशी बामोरा (जिलाध्यक्ष युवा संघ),दिलीप रघुवंशी डंगोरा (युवा जिलाध्यक्ष) नितिन रघुवंशी (कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष), उग्रसेन रघुवंशी देरखा , ब्लॉक अध्यक्षगण रिंकू आदि शामिल हैं।

अनियमित्ताओं को लेकर कलेक्टर के निरीक्षण के बाद दल ने की थी जांच

कलेक्टर ने मत्स्य विभाग के प्रभारी सहायक संचालक पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर का मत्स्य विभाग योजनाओं में अनियमित्ताओं को लेकर लगातार सुर्खियों में बना हुआ था जिसके कारण बड़े पैमाने पर शिकायतें की गई थीं कलेक्टर द्वारा स्वयं इस कार्यालय का निरीक्षण किया गया था और 6 सदस्यीय दल जांच के लिए भेजा गया था, जिसके बाद कलेक्टर द्वारा मत्स्य विभाग के प्रभारी सहायक संचालक एन.एस दण्डोतिया के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की है।

उक्त मामले में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 22 अगस्त में लिए गए निर्णय अनुसार कलेक्टर द्वारा 9 सिंतबर को को कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योयोग जिला अशोकनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना में



हितग्राहियों को अनुदान के रूप में सहायता प्रदान की जाने वाली नस्तियों एवं दस्तावेजों का अवलोकन किया गया, जो विधि अनुसार नहीं पाये जाने से सघन जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर, जिला अशोकनगर के नेतृत्व में 06 सदस्यीय दल को मत्स्य विभाग अशोकनगर में संचालित उक्त योजनाओं के प्रकरणों का परीक्षण कर, संयुक्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त जाँच दल द्वारा कलेक्टर के समक्ष विस्तृत जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जाँच प्रतिवेदन के अनुसार उक्त योजनाओं में नियमानुसार सहायता अनुदान नहीं दिये जाने, पंजी संधारित नहीं करने तथा प्रकरणों में गंभीर अनियमित्ताएं पाई गई थीं।

नोटिस के बाद संतोषजनक जवाब न मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की गई

उपरोक्त आधार पर नरेन्द्र सिंह दण्डोतिया, मत्स्य निरीक्षक (प्रभारी सहायक संचालक) अशोकनगर को कार्यालयीन कारण बताओ नोटिस क्रमांक/स्था./6-2/2026/1047 10.09.2026 से जारी कर, जवाब चाहा गया। दण्डोतिया द्वारा 29.09.2026 को अपना जवाब प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया गया, जवाब संतोषजनक एवं समाधानकारक नहीं पाया गया। उक्त संबंध में एनएस दण्डोतिया को पुनः 07.10.2026 को आवश्यक दस्तावेज सहित समक्ष में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया। दण्डोतिया द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में उपस्थित होकर योजनाओं में प्रदान किये गये सहायता अनुदान एवं जाँच प्रतिवेदन में वर्णित तथ्यों के संबंध में कोई अभिलेख/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके बाद यह निलंबन की कार्यवाही की गई है, निलंबन के बाद मुख्यालय जिला पंचायत निर्धारित किया गया है।

जांच में यह अनियमित्ताएं पाई गई थीं

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में कुल 800 आवेदन प्राप्त हुए, उक्त आवेदन कार्यालय में कब-कब प्राप्त हुए है कोई जानकारी नहीं पाई गई हैं तथा पंजी संधारित नही पाई गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कितने कितने आवेदन प्राप्त हुए एवं कितने निराकृत किए गए की जानकारी प्रस्तुत नही की गई हैं।
- मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अतंर्गत वर्ष 2025-26 में झींगा पालन हेतु स्वीकृत प्रकरणों में अनियमित्ता पायी गई हैं।
- वित्त वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अतंर्गत कितने प्रकरणों को निराकृत कर भुगतान की जानकारी जांच दल को नही दी गई।
- 2026-27 में अनुदान की स्वीकृति के तहत प्रकरण किस प्राधिकार द्वारा किए गये है यह भी स्पष्ट नही हैं।
- योजना अंतर्गत जो आवेदन प्राप्त हुए है उनमें प्रथम आओ प्रथम पाओ के सिद्धांत का भी पालन नहीं किया गया हैं।

अतिक्रमण बचाने में टेढ़ा अड़ा हुआ नाला!

देहरदा-राजघाट मार्ग निर्माण में धांधली का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

क्षेत्र के देहरदा से राजघाट तक बन रही लगभग 70 से 80 किलोमीटर लंबी महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना इन दिनों घटिया कार्यप्रणाली और प्रशासनिक अनदेखी के कारण विवादों के घेरे में आ गई है। वर्तमान में तगारी,फतेहाबाद, प्राणपुर, कुंवरपुर से बडेरा गांव तक सड़क निर्माण का कार्य हो गया है। डामर की किल्लत के चलते फिलहाल कई हिस्सों में सीसी (सीमेंट-कंक्रीट) निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता और डिजाइन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मूल योजना के अनुसार इस मार्ग की मानक चैड़ाई लगभग 13 मीटर तय की गई है। इसके बावजूद,निर्माण के दौरान यदि किसी का अवैध मकान या दुकान रास्ते में आ रही है,तो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के बजाय नाले और सड़क को ही मोड़ दिया गया है। इसका नतीजा यह है कि कई स्थानों पर सड़क सिमटकर महज 9 से 10 फीट की रह गई है। फिनिशिंग न होने और नाले को जगह-जगह टेढ़ा-मेढ़ा करने से क्षेत्रवासियों में भारी रोष है।

गुणवत्ता पर प्रहार नाले की दीवार में घुसाए 2-इंची पाइप

देहरदा गांव से राजघाट तक बन रहे नाले के निर्माण में गंभीर लापरवाही सामने आई है। नाले की साइड वॉल (लेयर) में जगह-जगह दो-दो इंच के पाइप फंसा दिए गए हैं, जिससे नाले की संरचनात्मक मजबूती बेहद कमजोर हो रही है। बारिश के दिनों में यह नाला पानी का दबाव झेल पाएगा या नहीं, इस पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है।

प्रशासन का सहयोग नहीं, ग्रामीण करते हैं झगड़ा निर्माण कंपनी सड़क निर्माण कंपनी के एमडी विशाल नगर से जब इस नियमितता और गुणवत्ताहीन कार्य के संबंध में बात की गई,तो उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर की। हमें अतिक्रमण तोड़ने की आधिकारिक अनुमति और प्रशासन से आवश्यक सहयोग नहीं मिल रहा है। यदि प्रशासन अतिक्रमण हटवा दे,तो हम तय मानकों के अनुसार सीधी सड़क और नाला बनाने को पूरी तरह तैयार हैं। वहीं नाले में 2 इंच के पाइप लगाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीण पाइप लगाने की जिद पर अड़ जाते हैं और मना करने पर झगड़ा करके काम रुकवा देते हैं।

कालिदास समारोह में साहित्य पर श्लोक गायन चित्रांकन व नृत्य नाटिका का मंचन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में जिला स्तरीय कालिदास समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें महान कवि कालिदास के साहित्य पर श्लोक गायन चित्रांकन एवं नृत्य नाटिका का मंचन किया गया।

इस लोक गायन में कनिष्ठ वर्ग में कुमारी रुबी रघुवंशी ने प्रथम चेल्सी राजपूत ने द्वितीय संजय अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वरिष्ठ वर्ग में उमा चिढ़ार प्रथम दिव्या जैन ने द्वितीय अंतिम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रांकन में कनिष्ठ वर्ग में सुहाना सरकार ने प्रथम रौनक के बचाने द्वितीय एवं रक्षा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वरिष्ठ वर्ग में नेहा रघुवंशी ने प्रथम वैष्णवी सेन द्वितीय सोनम



जाटव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया नृत्य नाटिका में वरिष्ठ वर्ग में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के छात्र-छात्राओं ने प्रथम मुंगावली के छात्र-छात्राओं ने द्वितीय चंदेरी के छात्र-छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के प्राचार्य बीके बमोरिया निर्णायक राजेंद्र चैधरी जगदीश शर्मा प्राचार्य प्रियंका जैन मुकेश सोनी रश्मि रघुवंशी श्याम किशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षा एवं छात्र-छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संस्कृत प्रभारी बलराम शर्मा ने किया एवं आभार व्यक्त रामबाबू कुशवाहा ने किया।

तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार

अशोकनगर। थाना ईसागढ़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि थाना ईसागढ़ पुलिस को दो दिन के भीतर स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी में यह दूसरी सफलता मिली है।

एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के पर्यवेक्षण में 09.10.2026 को थाना ईसागढ़ पुलिस को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटों में वांछित तीन व्यक्तियों के संबंध में कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है जिनमें संजय पुत्र मुरारीलाल, जाति वाल्मीकि, उम्र 32 वर्ष, निवासी विवेक कॉलोनी, ईसागढ़। राकेश पुत्र मुरारीलाल, जाति वाल्मीकि, उम्र 34 वर्ष, निवासी विवेक कॉलोनी, ईसागढ़। फूल सिंह पुत्र बालकिशन, जाति लोधी, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम डेलकवर, थाना ईसागढ़।

अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

उच्च शिक्षा के विकास, विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के समाधान तथा महाविद्यालयीन व्यवस्थाओं के निरीक्षण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग अनुपम राजन ने 9 अक्टूबर को शासकीय माधव महा विद्यालय, चंदेरी का भ्रमण किया। इस अवसर पर ग्वालियर-चंबल संभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. कुमार रत्नम तथा विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

भ्रमण की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के संदेश के साथ पौधारोपण से हुई। अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इसके पश्चात अनुपम राजन ने महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं एवं विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। वर्तमान में महाविद्यालय में लगभग 1600 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अधिकारियों ने प्रस्तुत विषयों को संज्ञान में लिया और शैक्षणिक गुणवत्ता



तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की। भ्रमण के दौरान अतिथियों ने महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब, प्रयोगशाला, कक्षाओं तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन कर शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात महाविद्यालय के पुस्तकालय का भ्रमण किया गया। पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों एवं अध्ययन संबंधी सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गीता मानव जीवन के उद्धार और मोक्ष का मार्ग दिखाती है: मिश्रा

अशोकनगर। सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा के पूज्य पिताजी स्वर्गीय द्वारका प्रसाद मिश्रा के श्राद्ध के अवसर पर गीता प्रतिष्ठान द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का पाठ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर संत-महात्माओं एवं गीता प्रेमियों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में 1008 महंत प्रभुतानंद महाराज, पीली कोठी, चित्रकूट, आचार्य जगदीश शास्त्री, विश्व गीता प्रतिष्ठान के प्रमुख महेश श्रीवास्तव, राजीव पचैरी, राजेंद्र सिंह, रमन शर्मा, अशोक दांगी, कमल सिंह यादव सहित सकल हिंदू समाज के



जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, विकास जैन बाली, मोहन नामदेव, राकेश नामदेव, दिनेश चैरसिया सहित अनेक गणमान्यजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीपक मिश्रा ने भावुक होकर कहा कि, आज हमारे पूज्य पिताजी के श्राद्ध के अवसर पर आप सभी ने श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ कर हमें कृतार्थ किया है। परमपिता परमेश्वर के चरणों में विराजमान हमारे पूज्य पिताजी का आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे। आज हम जिस स्थिति में हैं, उसमें हमारे माता-पिता के संस्कार और आशीर्वाद का बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे पूज्य पिताजी को मैं कोटि-कोटि नमन एवं वंदन करता हूं।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने मासिक बैठक में सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा



अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने शुक्रवार को भाजपा जिला अशोकनगर की मासिक बैठक में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं से सार्थक संवाद किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि निर्धारित कार्यक्रमों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। इस दौरान नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी जिला महामंत्री नरेश ग्वाल डॉ शीला जाटव सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ज्ञान जितना विपरीत होगा उतना ही खतरा होगा:मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब नदी में जल की धारा विपरीत होती है तो नैय्या खतरे में होती है। खतरे में आने पर नैय्या डूब जाती है। खतरे की निशानी है विपरीत ज्ञान। विपरीत ज्ञान के द्वारा जीवन रूपी नैय्या भवसागर में डूब जाती है। जैसे-जैसे जीव विपरीत ज्ञान के द्वारा अधिक-अधिक पाप करने में समर्थ होता है, परिणाम स्वरूप दुर्गति के रूप में पाप का अधिक अधिक फल प्राप्त करता है।

उन्होंने कहा कि यदि विपरीत ज्ञान है तो स्पर्शन इन्द्रिय से अधिक रसना इन्द्रिय के द्वारा पाप होता है, रसना से अधिक नासिका, नासिका से अधिक चक्षु इन्द्रिय और नेत्र से अधिक पाप कर्ण के द्वारा होता है। इससे यह सिद्ध होता है कि क्रमशः जैसे-जैसे इन्द्रियों का विकास होता जाता है, वैसे-वैसे उसकी क्षमता भी बढ़ती जाती है। हम अपने अंतरंग में झाँककर देखें तो हम पायेंगे कि अभी तो हमारा ज्ञान, सारी समझ, सारी बुद्धि इसी बात में व्यस्त रहती है कि हम अपने जीवन में अधिक से अधिक भौतिक सुख-सुविधा और इन्द्रिय व मन के अनुकूल चाही गई चीजों की पूर्ति कैसे कर सकें? हम चाहें तो अपने इन भौतिक उपलब्धियों की प्राप्ति में व्यस्त और अभ्यस्त ज्ञान को सही दिशा देकर स्व-पर कल्याण में भी लगा सकते हैं।

स्व-पर कल्याण और स्व-पर उपकारी ज्ञान ही श्रेष्ठ है। हम प्रतिक्षण अपने ज्ञान के द्वारा विचार करें कि क्रोध के अवसर आने पर, मान-माया और लोभ जाग्रत होने पर कैसे स्वयं को सँभाले। कैसे इन सब विकारी भावों से पृथक अपने निजी-स्वभाव का अनुभव करें। विषय-भोगों की सामग्री, भौतिक सुख-सुविधा की सामग्री सुलभता से प्राप्त होने पर भी रुचिकर नहीं लगेगी यह निरन्तर बढ़ते हुए ज्ञान की कसौटी है। प्राणीमात्र के प्रति मैत्री-भाव से हृदय भर जायेगा, यह भी ज्ञान का फल है। मैत्री का अर्थ है, सबके हित का भाव। किसी भी जीव को दुःख न हो- ऐसा भाव। आज हम देखते हैं कि हम लोगों का बौद्धिक स्तर कितना बढ़ रहा है, लेकिन हमारे बीच परस्पर स्पर्द्धा, ईर्ष्या, मनोमालिन्य भी कितना बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में क्या हम यह कहने का साहस कर सकते हैं कि हम भी ज्ञानवान हैं।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर व उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित

हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम पंचायत नावनी में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन कलेक्टर साकेत मालवीय के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना, नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करना तथा शासकीय सेवाओं को आमजन तक सहजता से पहुंचाना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को संबंधित विभागों की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत नावनी में सेवानिवृत्त सैनिकों तथा वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत सैनिकों का सम्मान किया गया। यह सम्मान सशक्त राष्ट्र को अनुशासित सेवा को प्रदर्शित करेगा।



शासन की योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विभागीय स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस प्रकार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के साथ उद्यम संवाद का आयोजन भी किया गया। इसमें स्थानीय उद्यमियों ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा अपनी सफलता की कहानियां सुनाईं। उद्यमियों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने प्रयासों, मेहनत और उपलब्ध अवसरों के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढाया के बारे में जानकारी दी। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। इस दौरान राजस्व, उद्योग, जनपद पंचायत, पशुपालन, पोषण की टोकरी,आयुष्मान कार्ड, पात्रता पर्ची का वितरण किया गया।

सैनिकों का किया सम्मान

शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों तथा वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत सैनिकों का सम्मान किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हवलदार रामवरूण सिंह, अहिवरन सिंह तथा हबीव खान तथा वर्तमान सैनिक वरूण रघुवंशी का सम्मान किया गया। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शिविर स्थल पर एक बगिया मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष चंदेरी महेन्द्र पाल बुंदेला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम मनीष धनगर,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत माधुरी पटेल,सरपंच रविन्द्र लोधी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

जनविश्वास अभियान के तहत हुए आयोजन में एसीएस दीपाली भी हुई

पंचायत क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर सरपंच का सम्मान किया

उद्यम संवाद में हितग्राहियों ने सांझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजगढ़ ब्लॉक के चाटूखेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी विशेष रूप से शामिल हुईं। इस दौरान एसपी अमित तोलानी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अपराधों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

वहीं ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करवाने वाली पंचायत के सरपंचों को सम्मानित किया गया। करनवास के सरपंच मुकेश, रसूलपुरा के सरपंच ओमप्रकाश नगर, देहरीकराड़ की सरपंच ममता बाई तथा भिलवाड़िया के सरपंच पंच को सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। शिविर में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी श्री तोलानी, जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा



की तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों एवं आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

समस्याओं का त्वरित निराकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य

विधायक मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद से शासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता मिलती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को शिविर में प्रस्तुत करें, जिससे उनका नियमानुसार निराकरण किया जा सके।

आवेदनों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करें अधिकारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित आवेदकों से सीधे चर्चा कर समस्या के निराकरण की कार्रवाई की जाए। शिविर में आयोजित उद्यम संवाद के दौरान बताया गया कि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से 46 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है।

समूह को मिली 06 लाख की सहायता

शिविर के दौरान स्वामी विवेकानंद स्व-सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से छह लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। इस वित्तीय सहायता से समूह की महिलाओं को आजीविका संबंधी गतिविधियों का विस्तार करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

एसई दफ्तर के सामने धरने देकर बैठे कांग्रेसजन

किसानों को भूत समझा, रात में लाइट काट रहे



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। एसई साहब किसानों को आपने क्या भूत समझ रखा है जो रात में बिजली कटौती की जा रही है। खेतों में दिन भर काम करके जब किसान थका-हारा घर पहुंच रहा तो खाना तक नहीं खा पा रहा रहा। रात में बिजली काटने से महिलाएं खाना तक नहीं बना पा रही हैं। उक्त बात शुक्रवार दोपहर अधीक्षण यंत्री कार्यालय के सामने हुए धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने एसई से कही। इंकाजनों ने विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर चेतावनी दी है कि यदि 3 दिवस में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जिला स्तरीय धरना आयोजित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों का जनजीवन हो रहा है प्रभावित

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती होने से आमजन को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग से समस्या का शीघ्र निराकरण कर नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोंनी, इंका पदाधिकारी प्रेम सिंह परिहार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से किसानों एवं आम नागरिकों को हो रही परेशानियों से अधिकारियों को अवगत कराया गया। चर्चा के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगामी तीन दिवस के भीतर विद्युत आपूर्ति में सुधार किया जाएगा।

एसीएस दीपाली रस्तोगी ने परखी बच्चों की शैक्षणिक दक्षता



राजगढ़। ग्रामीण विकास की अपर मुख्य सचिव(एसीएस) श्रीमती दीपाली रस्तोगी शुक्रवार को जिले के भ्रमण पर थी। इस दौरान वे ग्राम पंचायत कुंडीबे के स्कूल पहुंची और बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी शैक्षणिक दक्षता का आंकलन किया। उन्होंने पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान रस्तोगी ने आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति, मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों एवं उनकी वित्तीय स्थिति, करारोपण तथा पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल एवं हर घर नल की स्थिति के संबंध में ग्रामवासियों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने कृष्ण गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित आटा मिल की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों से चर्चा कर उनके कार्यों, आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शिक्षा, पेयजल, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण विकास से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेना रहा।

आप और सीजेपी का प्रदर्शन आज

राजगढ़। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी और सीजेपी का का संयुक्त प्रदर्शन आज शनिवार केा आयोजित होने वाला है। मुख्यालय के मंगल भवन परिसर में दोपहर 12 बजे यह प्रदर्शन आयोजित होगा। इस विरोध प्रदर्शन के जरिए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ हल्ला बोला जाएगा। उक्त जानकारी आप जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने दी।

वर्मा नए तहसीलदार, शर्मा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का दायित्व



सारंगपुर। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सारंगपुर तहसील सहित कई तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की गई है। इस आदेश के लागू होते ही सारंगपुर तहसील की प्रशासनिक कमान में भी बडा बदलाव देखने को मिला है। कपिल शर्मा की जगह पर अब सुनील वर्मा को तहसीलदार के रूप में अब सारंगपुर तहसील की कमान सौंपी गई है। श्री वर्मा इससे पहले जीरापुर के तहसीलदार एवं उपतहसील माचलपुर का प्रभार संभाल रहे थे। नवीन पदस्थापना के तहत वे अब सारंगपुर के मुख्य तहसीलदार होने के साथ-साथ उपतहसील पाडल्या का प्रभार भी देखेंगे। वहीं, अब तक सारंगपुर तहसीलदार एवं उपतहसील पाडल्या का दायित्व संभाल रहे कपिल शर्मा के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। जारी आदेश के तहत उन्हें अब कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सारंगपुर(नायब तहसीलदार) एवं प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सारंगपुर का नया दायित्व सौंपा गया है।

आज होगा शनिदेव का अभिषेक

जीरापुर। शनिचरी अमावस्या एवं पितृ पक्ष की अमावस्या के पावन अवसर पर नगर की आवास कॉलोनी स्थित शनि मंदिर में भगवान शनिदेव का विधि-विधान से अभिषेक एवं महाआरती की जाएगी। आज श्रद्धालु भगवान शनिदेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं धर्मलाभ प्राप्त कर सकेंगे। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।मंदिर समिति की ओर से समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर भगवान शनिदेव के दर्शन करें तथा महाआरती एवं महाप्रसादी में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

लसुलिया रामनाथ में एक करोड़ से बनेगा गीता भवनः विधायक शर्मा



कुरावर। नगर परिषद परिसर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे नगर परिषद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने लसुलिया रामनाथ में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन के निर्माण की बात कही। उन्होंने कहा कि गीता भवन के लिए शासकीय भूमि आवंटित कर निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।बैठक में विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बालाप्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष वंदना तारू राजपूत और मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान की उपस्थिति में नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बाना, लखन चैहान, राजकुमार चैकसे, मोहन वर्मा, बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, सचिन गिरी, राजेश मीणा, रमेश मालवीय, अनिल दरबार, राजेश पटेल एवं कमल दल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

टेटवाल ने दिए समयबद्ध निराकरण के निर्देश

लोक कल्याण शिविर में 12 गांवों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

ग्राम पंचायत धामंदा में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत लोक कल्याण शिविर आयोजित किया गया। इसमें मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता कर 12 गांवों से आए नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें और आवेदन सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का प्राथमिकता से समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, खाद्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल है।

सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अवसर पर मंत्री डॉ. टेटवाल ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। शिविर में जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल,मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी, दिनेश नागर, सुरेश नागर, सरपंच वीरेंद्र सिंह चैहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में किया आयोजन

व्यसन मुक्ति पर दो नाटकों का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में आज दो नाटकों का मंचन किया गया, जिनके माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान को दर्शाते हुए व्यसनमुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे से दूर रहने तथा समाज में व्यसन मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। नाटकों में रिया, समृद्धि, मिस्बाह, कृष, पूर्वी, राहुल, कुलदीप, गौरी जोशी, नंदिनी पुष्पद , दृष्टि, आरुषि, राहुल, अनन्या एवं प्रियांशी सहित विद्यार्थियों ने सहभागिता



की। विद्यालय के प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया नेवी इस अवसर पर व्यसन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत नाटक मंचन के साथ पोस्टर निर्माण, रैली सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में व्यसन मुक्ति का संदेश पहुँचाना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

संजावली प्रतियोगिता में दिखाई लोक संस्कृति की झलक



सारंगपुर। स्थानीय सेवा सदन कार्यालय परिसर में लोक संस्कृति कला महोत्सव के अंतर्गत संझावली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पारंपरिक लोक संस्कृति और कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन मॉडल स्कूल प्राचार्य बबीता मिश्रा ने प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने गोबर से आकर्षक संझावली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में तैयार की गई संझावलियों का अतिथियों ने अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद अतिथियों द्वारा छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दीं। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता यादव, महाविद्यालय की प्राचार्य संगीता गुप्ता, सेवानिवृत्त शिक्षिका रेखा दुबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने छात्राओं की प्रस्तुतियों और उनकी कलात्मक प्रतिभा की सराहना की। पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।



सेवा संकल्प आंगन मिलन कार्यक्रम किया गया

नरसिंहगढ। आंगनबाड़ी केंद्र रघुनाथपुरा में सेवा संकल्प आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया।कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा से जुड़ी गतिविधियां करवाई गईं। वहीं, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें संतुलित आहार, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक कविता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम में चंचल शर्मा, सुरेश सूर्यवंशी, उदय मीना, जगदीश यादव, ओम मीना, कल्याण सिंह गुर्जर, देव सिंह यादव, रमेश मीना, कमल लववंशी, उमराव सिंह, नंदू एवं सुरेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया

मेन मार्केट से हटाए जाएंगे हाथ ठेले, आवागमन होगा सुगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

शहर के मुख्य बाजार में बेतरतीब ढंग से लगने वाले हाथ ठेले अब दिखाई नही देंगे। शुक्रवार को प्रशासन के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने हाथ ठेला व्यवसाईयो के लिए स्थान भी नियत कर दिए है। आज शनिवार से ही यह व्यवस्थाऐं लागू होगी। मिली जानकारी के अनुसार फल विक्रेताओ को प्रशासन ने नेहरू पार्क से सटकर फूटपाथ पर जगह दी है, वही सब्जी विक्रेताओ को सब्जी मंडी के भीतर ही खाली पड़ी जगह और लेन मोहल्ले में स्थान दिया गया है। इसके अलावा गुड का ठेला लगाने वाले व्यवसाईयो के लिए नपा के सामने स्थित जगह दी गई है।

गौरतलब है कि बाजार में अव्यवस्थित ढंग से लगने वाले इन हाथ ठेलो की वजह से व्यवस्थाऐं प्रभावित हो रही थी। इसी को देखते हुए प्रशासन ने बैठक कर व्यवस्थाऐं सुनिश्चित किए जाने की दिशा में अहम निर्णय लिए। बैठक में विधायक मोहन शर्मा, सीएमओ अभिषेक जैन, थाना प्रभारी गुंजा सोलंकी, मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह सहित व्यवसाई मौजूद थे।

पुराने नपा तिराहे से निकलना मुश्किल

वर्तमान में ज्यादातर हाथ ठेले मुख्य बाजार में लग रहे है। जिनकी वजह से शहर का यातायात बूरी तरह प्रभावित हो रहा है। खासकर पुरानी नपा तिराहे पर लगने वाले दर्जनो हाथ ठेलो की वजह से लोगो का पैदल निकलना तक मुश्किल हो रहा है। जिसकी आए दिन जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से शिकायते की जा रही थी। कई बार पुलिस और नपा टीम ने यहां हाथ ठेलो को हटवाने की कार्रवाई भी की। लेकिन कुछ दिनो बाद हालात जस के तस हो गए। इसी को देखते हुए अब अधिकारियो ने हाथ ठेला व्यापारियो को सख्ती से नियमो का पालन करने और निर्धारित स्थान पर ही अपना व्यवसाय संचालित करने के कड़े निर्देश दिए है।

अतिक्रमण का फैला जाल, पार्किंग के भी इंतजाम नही

हाथ ठेलो के अलावा मुख्य बाजार में बढ़ता अतिक्रमण और पार्किंग की व्यवस्थाऐ न होने से भी समस्याऐं बढ़ रही है। दुकानदारो ने अपनी -अपनी दुकानो के आगे तक अतिक्रमण सामान रख लिया है। जिससे आवागमन बाधित होता है। इसके अलावा बाजार में कही भी दो पहिया , चार पहिया वाहनो की पार्किंग नही होने से खरीददारी के लिए आने वाले लोग हर कही बीच सड़को पर अपना वाहन खड़ा कर देते है जिससे भी जाम लगता है। त्यौहारी सीजन को देखते हुए अब प्रशासन को बाजार में दुकानदारो को अतिक्रमण हटाने और पार्किंग के भी इंतजाम करने चाहिए। वही दीपावली तक मुख्य बाजार में चार पाहिया वाहनो की आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए ताकि आमजनो को समस्याओ का सामना न करना पड़े।

इनका कहना है

हाथ ठेला व्यवसायियों के साथ बैठक आयोजित कर उनके लिए सानि नियत कर दिया गया है। बाजार में हम सतत निगरानी करेंगे। आवागमन को सुचारू करने सभी जरूरी इंतजाम किए जाऐंगे।

- अभिशेक जैन,
सीएमओ नपा नरसिंहगढ

लोक कल्याण शिविर मंत्री पंवार शामिल हुए

जनसमस्याओं के निराकरण के निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत बगवाज में आयोजित लोक कल्याण शिविर में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायणसिंह पंवार ने सहभागिता कर क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में उन्होंने पेंशन संबंधी प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर लोगों को राहत पहुंचाई जाए। साथ ही कृषि विभाग को निर्देशित किया कि गांवों में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाए और पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

अधिकारियों से संवाद करें ग्रामीण, लापरवाही पर उच्च स्तर पर करें शिकायत

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से सीधे संवाद करें। यदि किसी अधिकारी द्वारा उनकी समस्या नहीं सुनी जाती है या निराकरण में अनावश्यक देरी की जाती है, तो वे इसकी लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों एवं शासन स्तर पर करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि जनता विकास, सुशासन और जनसेवा के कार्यों को देख रही है तथा लोकतंत्र में जनता का विश्वास आरोप-प्रत्यारोप से नहीं, बल्कि धरातल पर किए गए कार्यों से जीता जाता है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पंवार ने पावन तीर्थस्थल माँ बाघ बागेश्वरी के दर्शन कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

रामलीला महोत्सव का शुभारंभ



जीरापुर। नगर के शिव चैक स्थित त्र्यंबकेश्वर महादेव परिसर में श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वाधान में चल रही श्रीरामलीला के मंचन का विधिवत शुभारंभ हुआ।प्रथम दिवस स्थानीय कलाकारों ने नारद मोह की लीला का सजीव मंचन कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।इसके पश्चात श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्मोत्सव एवं अयोध्या में वासियों ने खुशी मनाते हुए आकर्षक सजावट की गई।

राम जन्मोत्सव की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देख श्रद्धालु आनंदित हो उठे। मुनि विश्वामित्र द्वारा श्रीराम-लक्ष्मण को जनकपुरी ले जाने और राजा जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ का प्रसंग दिखाया गया। राजा जनक की प्रतिज्ञा थी कि जो भी भगवान इसीशिव के दिव्य धनुष को करेगा, उसी वीर के साथ उनकी पुत्री जनकनंदिनी सीता का विवाह संपन्न होगा।इस दौरान धनुष यज्ञ में देश-देश के बड़े-बड़े प्रतापी राजा-महाराजा आए और अपनी पूरी शक्ति लगाई, परंतु कोई भी धनुष को हिला तक नहीं सका। अंत में गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने सहज ही धनुष को उठाकर भंग कर दिया। धनुष भंग होते ही पूरे पंडाल में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे।सीता स्वयंवर के पावन अवसर पर चारों भाइयों राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न का विवाह हुआ।